MPMETRO

## METRO NEWS

**01st MAY ,2023**

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Free press | Bhopal | 01.05.2023 | 03 | Officials look for suitable Place | Neutral |

BHOPAL CITY

BHOPAL | MONDAY | MAY 1, 2023 www.freepressjournal.in

Pg-03

METRO DEMO MODEL

# Officials look for suitable place

OUR STAFF REPORTER
city.bhopal@fpj.co.in

The senior officers of Madhya Pradesh Metro Rail Corporation are mulling to select the suitable place where the mock up (demo model) of Metro train can be placed. As of now, two to three places have been identified and of them, one would be selected for the purpose.

Sources in the Metro Rail Corporation said that Mock Up model of Metro train would be brought to city most in May. It will be brought from the Sanwali manufacturing centre of Alstom company situated in Gujarat.

The mock up model of Metro train will be the replica of the Metro train. People can see it and know that what kind of facilities they would get while travelling in Metro train in Bhopal.

The mock up model of Metro will show that what kind of sitting arrangements would be in the metro, how train signals will blink on the board just before the arrival of next Metro station, how in emergency passengers can use the emergency button etc.

Meanwhile, Metro officials are busy completing the necessary works before laying down of the metro rails. As of now, wielding of railway tracks is being done. The work of laying railway lines is likely to commence after eight to ten days. Chief Minister Shivraj Singh Chouhan is keeping a close watch on the works of Metro train as it is one of the priorities of the state government.

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | Patrika | Bhopal | 01.05.2023 | 02 | मेट्रो ट्रैक पर पटरियां बिछाने की तैयारी | Neutral |

माय सिटी
MY CITY
पत्रिका
भोपाल, सोमवार, 01 मई 2023



फोटो स्टोरी

## मेट्रो के ट्रैक पर ट्रक-टैक्टर... पटरियां बिछाने की तैयारी



**भोपाल.** जमीन से करीब 12 मीटर ऊंचाई पर स्थित मेट्रो ट्रेन के ट्रैक पर ट्रक और ट्रैक्टर दौड़ते नजर आ रहे हैं। ये सुगबुगाहट है...शहर के पब्लिक ट्रांसपोर्ट में नया इतिहास लिखने वाली मेट्रो ट्रेन के लिए लोहे के ट्रैक बिछाने की। इन्हीं ट्रक और ट्रैक्टर की मदद से ट्रैक को बिछाया जाएगा। ट्रक मेट्रो की पटरियों की आवाजाही के साथ ही ट्रैक की चौड़ाई को भी सुनिश्चित करेगा।

**पहला गर्डर लॉन्च:** रानी कमलापति मेट्रो स्टेशन पर पहला गर्डर लांच किया गया। करीब साढ़े तीन घंटे की मशक्कत के बाद ये काम पूरा हुआ। रानी कमलापति से सुभाषब्रिज तक करीब पांच मेट्रो स्टेशन हैं और अब तेजी से इन पर गर्डर का काम पूरा किया जा रहा है। यहां गर्डर बिछाने में लगे इंजीनियर्स ने बताया दिनभर में करीब पांच गर्डर बिछाई जा सकती है। प्रति स्टेशन 171 गर्डर बिछाई जाएगी। रानी कमलापति से सुभाषब्रिज तक पांच स्टेशन पर कुल 855 गर्डर लांच होंगे।

**- फोटो रजत शर्मा**

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 03 | राज एक्स्प्रेस | भोपाल | 02.05.2023 | 05 | अब सुभाष नगर से करौंद मेट्रो रूट की तयारी शुरू, 647 करोड़ रुपये से तीन साल मे बनेगा | Neutral |

### मेट्रो प्रोजेक्ट की गति तेज, प्रायोरिटी कॉरिडोर पर सितंबर तक होना है ट्रायल रन

# अब सुभाष नगर से करोंद मेट्रो रूट की तैयारी शुरू, 6,47 करोड़ रुपए से तीन साल में बनेगा

## छह स्टेशन का भी होगा निर्माण, यूरोपियन इन्वेस्टमेंट बैंक के लोन से किए जाएंगे सभी कार्य

**भोपाल ■ राज न्यूज नेटवर्क**

राजधानी में मेट्रो प्रोजेक्ट रफ्तार पकड़ने लगा है। प्रायोरिटी कॉरिडोर पर सितंबर तक ट्रायल रन करने की तैयारी चल रही है। इस बीच सुभाष नगर से करोंद के बीच मेट्रो का एलिवेटेड रूट, स्टेशन का काम भी इस साल चुनाव के पहले शुरू होने की संभावना है। इस पर 647 करोड़ रुपए खर्च किया जाएगा। छह स्टेशन भी बनाए जाएंगे। यह कार्य यूरोपियन इन्वेस्टमेंट बैंक (ईआईबी) के लोन से किए जाएंगे।

भोपाल-इंदौर मेट्रो की डीपीआर रोहित एंड एसोसिएट्स ने वर्ष 2013-14 में बनाई थी। पहले चरण में एम्स से करोंद मेट्रो रूट को शामिल किया गया। यह 13.4 किमी लंबाई में जमीन से ऊपर और 3.4 किमी हिस्सा अंडरग्राउंड होगा। इस रूट पर 14 एलिवेटेड और दो अंडरग्राउंड स्टेशन का निर्माण किया जाएगा। इसके एक हिस्से यानि सुभाष नगर से एम्स के बीच एलिवेटेड रूट का निर्माण वर्ष 2018 के आखिर में शुरू हो पाया। जिम्मा दिलीप बिल्डकॉन को दिया गया। इसका सिविल वर्क लगभग पूरा हो चुका है। हालांकि, मेट्रो संचालन की शुरुआत प्रायोरिटी कॉरिडोर यानि रानी कमलापति स्टेशन से सुभाष नगर के बीच की जाना है। यह करीब चार किमी लंबा होगा। इस पर ट्रायल रन के लिए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सितंबर की समय सीमा तय की है। इस हिसाब से 151 दिन बाकी हैं। मौजूदा स्थिति में रानी कमलापति से सुभाष नगर के बीच पांच स्टेशन का निर्माण तेज रफ्तार से चल रहा है। मैदा मिल रोड पर स्टेशन का स्ट्रक्चर बन चुका है। स्टेशन का कार्य हैदराबाद की यूआरसी कंपनी को दिया गया है। कंपनी अगस्त तक पांचों स्टेशन तैयार करने का टारगेट लेकर चल रही है।



### दो रूट बनाने का खर्च सात हजार करोड़ रुपए

एम्स से करोद और भदभदा चौराहा से रत्नागिरी तिराहा तक मेट्रो रूट का निर्माण किया जाना है। इस पर 6,962 करोड़ रुपए से अधिक खर्च होने का अनुमान है। पहले, जापान इंटरनेशनल कोऑपरेशन एजेंसी (जायका) से इसके लिए कर्ज लेने की कवायद की गई। यह सफल नहीं हो पाई। ऐसे मे यूरोपियन इन्वेस्टमेंट बैंक (ईआईबी) से लोन लिया जा रहा है। दो रूट के लिए ईआईबी से लगभग 3,300 करोड़ रुपए कर्ज के तौर पर जुटाया जाएगा। प्रोजेक्ट में स्टड फार्म की जमीन पर मेट्रो डिपो का निर्माण करीब 4,00 करोड़ रुपए की लागत से किया जा रहा है। कोच कार सिग्नलिंग पर 3,400 करोड़ लगने का अनुमान है। सिविल और इलेक्ट्रिकल की लागत प्रति किमी 8,00 से एक हजार करोड़ रुपए तक रहेगी।

### दूसरा रूट जमीन के ऊपर होगा

रेड लाइन यानि भदभदा चौराहा से रत्नागिरी तिराहा तक का दूसरा मेट्रो रूट है। यह 14.2 किमी लंबा है। पूरा मार्ग जमीन के ऊपर बनेगा। इस पर 13 एलिवेटेड स्टेशन बनाए जाएंगे। हालांकि, इसका काम शुरू होने में एक-दो साल लग सकते है।

### पहली बार, रूट-स्टेशन के टेंडर एक साथ

एम्स से करोद तक के बाकी हिस्से का कार्य तेजी से पूरा करने के लिए मेट्रो रूट और स्टेशन निर्माण के टेंडर एक साथ जारी किए गए है। इससे कम समय मे दोनों एजेंसियो का चयन किया जा सकेगा। पुल बोगदा, ऐशबाग, सिंधी कॉलोनी, डीआईजी बंगला, कृषि उपज मंडी और करौद स्टेशन का निर्माण भी इसमे शामिल है। यह सभी जमीन के ऊपर बनेंगे।

MPMETRO

**METRO NEWS**
**03rd MAY ,2023**

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 04 | दैनिक भास्कर | भोपाल | 03.05.2023 | 02 | मेट्रो के सुभाष नगर स्टेशन की बिडलिंग तैयार | Neutral |

दैनिक भास्कर भोपाल 03-05-2023 Pg-02

# मेट्रो के सुभाष नगर स्टेशन की बिल्डिंग तैयार



आरकेएमपी से सुभाष नगर के 4 किमी रूट पर आरकेएमपी मेट्रो स्टेशन पर गर्डर लॉन्चिंग चल रही है। एम्स से रेलवे क्रॉसिंग तक के 2.6 किमी रूट पर भी स्टेशनों का निर्माण शुरू हो गया है।

## सितंबर में होना है मेट्रो का ट्रायल

**भोपाल**| मेट्रो के सुभाष नगर स्टेशन की बिल्डिंग तैयार हो गई है। भोपाल का यह पहला मेट्रो स्टेशन है, जिसका पूरा बॉक्स नजर आ रहा है और यहां सीढ़ियां भी बन चुकी हैं। सितंबर में होने वाले ट्रायल में मेट्रो ट्रेन डिपो से निकल कर सबसे पहले इसी स्टेशन पर आएगी। यहां टिकट विंडो और प्लेटफार्म व अन्य यात्री सुविधाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 05 | दैनिक भास्कर | भोपाल | 03.05.2023 | 05 | Notice Inviting Tender: Geotechnical investigation study for the underground stations and tunnels between airport and Malviya nagar chauraha for Indore Metro Rail Project | Classified Advertisement |

# MADHYA PRADESH METRO RAIL CORPORATION LIMITED (MPMRCL)

MPMETRO

**(A Joint Venture of Government of India And Government of Madhya Pradesh)**
**2nd Floor, Smart City Development Corporation Office Building,**
**Kalibadi Road, BHEL, Sector-A, Berkheda, Bhopal-462022**
**Tender Notification No. 917 /MPMRCL/2023/Package_IN-13**
**Bhopal, Date : 02.05.2023**

## NOTICE INVITING TENDER

MPMRCL invites tenders for the works of "Detailed Geotechnical Investigation Study for the Underground Stations and Tunnels between Airport and Malviya Nagar Chauraha for Indore Metro Rail Project/Tender Package IN-13" for further details please visit **https://etenders.gov.in/eprocure/app** from **06.05.2023, 6.00 PM onwards.** Any clarification/corrigendum/addendum to the tender documents will be uploaded on the official e-portal only, without any obligation of press notification.

M.P. Madhyam/109713/2023

**GENERAL MANAGER (Civil/UG Indore)**
**Madhya Pradesh Metro Rail Corporation Limited**

MPMETRO

**METRO NEWS**

04th MAY ,2023

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 06 | दैनिक जागरण | भोपाल | 04.05.2023 | 05 | 1. सुभाष नगर मेट्रो स्टेशन तैयार, रोजाना उपयोग की बिजली भी बनेगी | Neutral |



# सुभाष नगर मेट्रो स्टेशन तैयार, रोजाना उपयोग की बिजली भी बनेगी

## सुभाष नगर से आरकेएमपी तक बनेंगे पांच मेट्रो स्टेशन, यात्रियों की सुविधा के लिए एफओबी से जुड़ेंगे दो स्टेशन



**भोपाल।** सुभाष नगर मेट्रो स्टेशन का मुख्य भवन लगभग तैयार हो गया है। सितंबर में होने वाले मेट्रो ट्रायल के लिए मेट्रो ट्रेन सबसे पहले इसी स्टेशन में आएगी। इस स्टेशन को ग्रीन बिल्डिंग की प्लेटिनम रेटिंग के आधार पर बनाया जा रहा है। इस स्टेशन पर बिजली का जितना उपयोग होगा। उतनी ही बिजली का निर्माण स्टेशन पर होगा। वर्षा जल के संग्रहण के लिए यहां पर रेन वाटर हार्वेस्टिंग को भी लगाया जाएगा। स्टेशन तक जाने के लिए यहां सीढ़ियां भी बन चुकी हैं। अंदर टिकट काउंटर और प्लेटफार्म सहित अन्य यात्री सुविधाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

### सुभाष नगर से रानी कमलापति तक बनाए जा रहे पांच स्टेशन

सुभाष नगर से रानी कमलापति रेलवे स्टेशन तक पांच मेट्रो स्टेशन बनाए जा रहे हैं। मेट्रो द्वारा सुभाष नगर, गायत्री मंदिर, बोर्ड ऑफिस, सरगम टॉकीज और रानी कमलापति मेट्रो स्टेशन का निर्माण तेजी से किया जा रहा है। यह सभी स्टेशन सुभाष नगर मेट्रो स्टेशन की ही तरह ग्रीन बिल्डिंग की प्लेटिनम रेटिंग के आधार पर तैयार होंगे। हबीबगंज रेलवे क्रॉसिंग पर आरओबी बनेगा। यहां से मेट्रो एम्स के लिए प्रस्थान करेगी।

### दो स्टेशनों पर बनेंगे फुट ओवर ब्रिज

मेट्रो द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए दो स्टेशनों पर फुट ओवर ब्रिज (एफओबी) की सुविधा भी दी जाएगी। रानी कमलापति मेट्रो स्टेशन और गायत्री मंदिर मेट्रो स्टेशन पर एफओबी बनाए जा रहे हैं। इससे यात्री स्टेशन से निकलकर सीधे सड़क की दूसरी ओर ही उतरेंगे। गायत्री मंदिर के पास बन रहे मेट्रो स्टेशन से यात्री सीधे एमपी नगर आ सकेंगे। जबकि रानी कमलापति मेट्रो स्टेशन से सीधे रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 1 के पास पहुंच सकेंगे।

### होंगी यह सुविधाएं

मेट्रो स्टेशनों में सुरक्षा के लिए सीसीटीवी, मेटल डिटेक्टर, एस्केलेटर, ऑटोमेटिक फेयर कलेक्शन और दिव्यांगों के आवागमन और शौचालय की सुविधा भी होगी। हर मेट्रो स्टेशन पर सेंट्रल एयर कॉनकोर्स की सुविधा होगी। जहां यात्री बैठ सकेंगे। यहां एटीएम, फूड कोर्ट, कैफे और मोबाइल रिचार्ज की सुविधा मिलेगी। ई-रिक्शा, पब्लिक बाइक शेयरिंग, सिटी बस और पिकअप ड्रॉप जैसी सुविधाएं भी यात्रियों को मिलेंगी।

---

सुभाष नगर मेट्रो स्टेशन सहित अन्य स्टेशनों का निर्माण तेजी से चल रहा है। यहां यात्रियों को कई सुविधाएं मिलेंगी। जिससे शहर में यातायात सुगम होगा।

**मनीष सिंह, एमडी, मप्र मेट्रो रेल कॉरपोरेशन**

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 07 | Free Press | Bhopal | 06.05.2023 | 06 | Indore Metro To Run on GOA-4, to be driverless | Neutral |

MADHYA PRADESH

Pg-06 BHOPAL | SATURDAY | MAY 6, 2023 www.freepressjournal.in

# Indore Metro to run on GOA-4, to be driverless

OUR STAFF REPORTER
city.indore@fpj.co.in

The Indore Metro will function on automation-2 and automation-4 technology that will make it function automatically; from halting at stations to moving on its track.

There are two technologies on which the metro train will function; GOA-2 (Grade of Automation-2) and GOA-4 (Grade of Automation-4).

"There will be no drivers when the Metro will run on GOA-4," said a senior Metro official.

He added, "However, in GOA-2 operation, the train is driven by the driver in driver's cab of the leading Driving Motor Car (DMC) car with all the controlling systems required to run the train.

While GOA-4 system is the most advanced system of railway automation in which the train runs without a driver and the cab of the Driving Motor Car (DMC) is removed. It is also called Unattended Train Operation (UTO), said officials.

According to the plan of the Indore Metro Rail Project, the metro rail will be run by the driver (GOA-2) in the initial phase, which will later run without the driver (GOA-4).

Officials added that there will be a longitudinal seating arrangement in Indore Metro Rail. The passenger capacity of the 3-car metro train is 971.

Officials said that the rolling stock of Metro Rail is being made in Gujarat.

## FEATURES OF ROLLING STOCK

3-car unit: It is considered the basic unit of the metro system. The system consists of 2 Driving Motor Cars (DMC) and one Trailer Car (TC). This is the minimum for Metro operations which is preferred and suitable for places with low population density. Coaches are made of stainless steel to enhance corrosion resistance and strength.

Speed: The purpose of Metro trains is to facilitate our urban traffic and metro rail stations are very close to each other. For this reason, the metro rail system has been designed for a maximum speed of 90 kmph, but in passenger service, Metro Rail will run at a maximum speed of 80 kmph.

Headway: The frequency of trains in the Indore Metro Project will be one and a half minutes. However, it can also be changed according to the passenger traffic.

CCTV Camera System: Keeping in view all the safety parameters, CCTV cameras will be installed inside and outside the coaches in Indore Metro Rail trains, which will be used for emergency counting, track tracking, and identification of passengers, as well as unattended bags and cameras in the train.

Doors: There will be a total of 8 doors in each coach, four on one side and four on the other side. In addition, both the DMC coaches of the train will have an emergency gate called the detention door at the front, which can be used to evacuate passengers in case of an emergency.

Air Conditioning System: Indore Metro Rail will have a smart air conditioning system for the convenience of passengers, whose air cooling will vary according to the passenger load. The air conditioning system will be designed with germ control and air filtration.

MPMETRO

**METRO NEWS**
**08th MAY ,2023**

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 08 | Free Press | Bhopal | 08.05.2023 | 02 | Metro Project on face track, 145 days to go for priority corridor | Positive |

BHOPAL
www.freepressjournal.in
BHOPAL | MONDAY | MAY 8, 2023

Pg-02

# Metro Project on face track, 145 days to go for priority corridor

OUR STAFF REPORTER
city.bhopal@fpj.co.in

With merely 145 days left for the launch of the 4-km Bhopal Metro priority corridor, the authorities have put the project on fast track. The unseasonal rains the city has been witnessing has not hampered the project work. The city people are keenly awaiting the launch of the priority corridor to see the running of the metro live and also the modern facilities it has to offer.

The senior officers are ensuring that the remaining works under various heads should be completed by the stipulated time.

The work of laying railway tracks is scheduled to begin soon. The interior works of metro stations are going on round the clock. The work of laying wire cables and other important construction works are going at a fast pace.



The pier work (ground level to concourse level) of all 8 metro stations is inching towards near completion.

Meanwhile, the officials are yet to find a suitable place for the demo model of metro rail even as they have surveyed three to four sites. The final site is likely to be finalised soon.

The state government is also keeping a close watch on the progress of the metro project as it wants to roll out Metro in the state capital before the announcement of the assembly polls. The Metro Corporation authorities are keeping the CM Office updated about the progress of the project.

MPMETRO

**METRO NEWS**
**09th MAY ,2023**

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 09 | Nai Dunia | Bhopal | 09.05.2023 | 03 | सितं<br>तक मेट्रो का ट्रायल रन | Positive |



# सितंबर में रानी कमलापति स्टेशन से सुभाष नगर तक मेट्रो का ट्रायल रन

**भोपाल (नवदुनिया प्रतिनिधि)।** एमपी नगर में दो महत्वपूर्ण परियोजनाओं का काम चल रहा है, इसके पूरा होने से इस भीड़-भाड़ वाले क्षेत्र में ट्रैफिक जाम से राहत मिलेगी। पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों ने बताया कि जून में जीजी फ्लायओवर का निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा। इसके बनने के बाद पाचं किलोमीटर की दूरी तय करने में तीन मिनट से भी कम समय लगेगा। इधर, रानी कमलापति से सुभाष नगर तक मेट्रो परियोजना काम भी तेजी से चल रहा है। मप्र मेट्रो रेल कार्पोरेशन के अधिकारियों का कहना है कि सिविल वर्क 95 प्रतिशत पूरा हो चुका है, सितंबर 2023 में इसका ट्रायल रन हो जाएगा।

मप्र मेट्रो कार्पोरेशन लिमिटेड सुभाष नगर से एम्स तक प्रायोरिटी कारिडोर का निर्माण करा रहा है। इसका 95 प्रतिशत सिविल वर्क पूरा हो गया है। जबकि इसके वायडक्ट में रेलवे ट्रैक बिछाने और रोलिंग स्टाक से संबंधित कार्य किए जाने हैं। मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुसार सितंबर 2023 से इसका शुभारंभ करना है। हालांकि मेट्रो प्रोजेक्ट में हो रही देरी की वजह से इसका ट्रायन रन सुभाष नगर डिपो से रानीकमलापति रेलवे स्टेशन तक ही किया जाएगा। इधर जीजी फ्लाईओवर का काम भी तेजी से चल रहा है। पीडब्ल्यूडी के एसडीओ रवि शुक्ला ने बताया कि जीजी फ्लायओवर का 85 प्रतिशत सिविल वर्क पूरा हो गया है। इसकी समय सीमा पूर्व में दिसंबर 2022 तक निर्धारित की गई थी। लेकिन कोरोना की वजह से छह माह का एक्सटेंशन दिया गया है। जिससे इसे जून 2023 तक पूर्ण करना था।

- अगले महीने तक पूरा हो जाएगा जीजी फ्लायओवर का निर्माण कार्य



### मेट्रो परियोजना

- प्रोजेक्ट मंजूरी 30 नवंबर 2018
- एमओयू साइन हुआ - 19 अगस्त 2019
- ज्वांइट वेंचर की बैठक - 29 दिसंबर 2020
- प्रायरिटी कारिडोर में संचालन समय- सितंबर 2023
- मेटो प्रोजेक्ट की लागत - 6,941 करोड़ रुपये
- प्रायरिटी कारिडोर - 6.2 किमी (अब 5 किमी)
- कितने पिलर बनेंगे - 226
- कितनों पर गार्डट लांचिंग हुई - 220
- भोपाल के लिए मेट्रो कार होंगी - 27

### जीजी फ्लाइओवर

- परियोजना का शुभारंभ - 20 दिसंबर 2020
- फ्लाइओवर की लंबाई - 2734 मीटर
- फ्लाइओवर की चौड़ाई - 15 मीटर
- पिलर बनेंगे - 92
- गार्डर लांच होंगे - 91
- सिविल वर्क पूर्ण - 75 प्रतिशत
- निर्धारित समय - पहले दिसंबर 2022, अब जून 2023
- लागत - 126 करोड़ रुपये
- एक घंटे में वाहन निकलेंगे - 10 हजार

### 15 जून तक लोड चेक करेंगे

हबीबगंज स्थित गणेश मंदिर से अरेरा हिल्स में गायत्री मंदिर तक बन रहे जीजी फ्लायओवर का सिविल वर्क 85 प्रतिशत पूर्ण हो गया है इसके इलेक्ट्रिफिकेशन और सुंदरीकरण का काम किया जाना बाकी है। 15 जून तक इसका लोड चेक करने के बाद इसे जनता के लिए खोल देंगे।

–संजय खांडे, पीडब्ल्यूडी

राजधानी में मेट्रो के ट्रायन रन की अवधि सितंबर 2023 तक निर्धारित है। इससे पहले प्रायोरिटी कारिडोर का कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। फिर आयुक्त मेट्रो रेल सेफ्टी से सर्टिफिकेट लेना होगा। इसके बाद शहरवासी मेट्रो में यात्रा कर सकेंगे।

–मनीष सिंह, एमडी मप्र मेट्रो रेल कार्पोरेशन


| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 10 | Raj Express | Bhopal | 09.05.2023 | 02 | मेट्रो प्रोजेक्ट में भी मैक इन इं फाइटिंग ओर इलेक्ट्रिक आइटम रहेंगे देशी | Neutral |

# मेट्रो प्रोजेक्ट में भी मेक इन इंडिया, फायर फाइटिंग और इलेक्ट्रिक आइटम रहेंगे देशी

## मंत्रालय ने जारी की गाइडलाइन

**भोपाल, (आरएनएन)।** भोपाल और इंदौर मेट्रो प्रोजेक्ट में मेक इन इंडिया को बढ़ावा दिया जा रहा है। देश में बने फायर फाइटिंग, लिफ्ट्स, एस्केलेटर्स जैसे इलेक्ट्रिक उपकरण खरीदने पर जोर दिया जा रहा है। भूमिगत मार्गों में वेंटिलेशन, कूलिंग आदि के लिए भी देशी तकनीक व सामग्री का उपयोग होगा।

दरअसल, केंद्रीय शहरी मामलों व आवासन मंत्रालय ने मेट्रो रेल के इलेक्ट्रिकल व इलेक्ट्रोमैकेनिकल कंपोनेंट्स के लिए वर्ष 2018 में स्पेसिफिकेशन जारी किए थे। पिछले वित्तीय वर्ष के बजट में यह घोषणा की गई थी कि भारतीय परिस्थिति और जरूरतों को ध्यान में रखते हुए मेट्रो सिस्टम को डिजाइन किया जाए। इसमें सिविल कार्य भी शामिल हैं। इसके बाद मंत्रालय की मास रैपिड ट्रांजिट सिस्टम विंग ने ड्राफ्ट रिपोर्ट बनाई। फिर इस साल मार्च में संबंधित राज्यों के जिम्मेदारों को इस पर अमल के लिए भेज दिया।



### भोपाल में सिविल वर्क पूरा, अब इलेक्ट्रिक होगा शुरू

राजधानी में रानी कमलापति स्टेशन से सुभाष नगर के बीच जमीन के ऊपर मेट्रो रूट का सिविल वर्क लगभग पूरा हो चुका है। इस रूट पर सितंबर में मेट्रो का ट्रायल रन किया जाना है। रानी कमलापति के सामने मेट्रो स्टेशन की बिल्डिंग भी तैयार हो चुकी है। गवर्नमेंट प्रेस तिराहा पर स्टेशन का स्ट्रक्चर साफ नजर आने लगा है। अब रूट पर पटरी बिछाने, सिग्नलिंग, केबलिंग और स्टेशनों पर लिफ्ट, एस्केलेटर समेत इलेक्ट्रिक से जुड़े अन्य कार्य किया जाना है। एलएंडटी मेट्रो ट्रेक बना रही है। बताया जा रहा है अधिकांश इलेक्ट्रिक वर्क के लिए एजेंसी का चयन हो चुका है। वहीं स्टड फार्म की जमीन पर मेट्रो डिपो का निर्माण तेजी से चल रहा है। वहां भी मेट्रो रेल के लिए इलेक्ट्रिक व इलेक्ट्रोमैकेनिकल काम होना हैं।

### आग से बचाव के ये हाईटेक इंतजाम होंगे

- स्टेशन एरिया और प्लेटफॉर्म पर फायर एक्सटिंग्विशर्स।
- पब्लिक क्षेत्र में फायर होज केबिनेट।
- जमीन से ऊपर बनने वाले स्टेशनों पर फायर डिटेक्शन एंड अलार्म सिस्टम।
- स्टेशन के कंट्रोल रूम में फायर अलार्म कंट्रोल पैनल रहेगा, कंप्यूटर पर ग्राफिक्स में दिखाई देगा।
- अचानक तापमान बढ़ने पर इसकी जानकारी देने वाले सेंसर।
- आग लगते ही तुरंत हूटर बजने लगेंगे, अलार्म के साथ ही अनाउंसमेंट कर जानकारी दी जाएगी।
- आगजनी की स्थिति में स्टेशन पर लगे एस्केलेटर खुद लॉक हो जाएंगे।
- दिव्यांगों के टॉयलेट में अलग अलार्म सिस्टम लगाया जाएगा।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 11 | अग्निबाण | भोपल | 09.05.2023 | 07 | 18 मई के बाद मेट्रो के प्रयोरिटी कॉरिडोर पर बिछें | Positive |

अग्निबाण Indore_P-07_09 May 2023

डिपो सहित स्टेशनों के काम में भी लगातार अच्छी गति, रोबोट से पलासिया के एलिवेटेड ट्रैक के लिए प्री-बीड बैठक भी हुई

# 18 मई के बाद मेट्रो के प्रायोरिटी कॉरिडोर पर बिछेंगी पटरियां

इंदौर।

**मेट्रो प्रोजेक्ट का काम अपनी निर्धारित गति से चल रहा है। पिछले दिनों मध्य क्षेत्र में 9 किलोमीटर के अंडरग्राउंड कॉरिडोर पर भी निर्णय हो गया था, जिसके लिए सोइल टेस्टिंग के साथ जल्द ही टेंडर प्रक्रिया भी शुरू हो जाएगी। वहीं पिछले दिनों रोबोट चौराहा से पलासिया तक बनाए जाने वाले एलिवेटेड कॉरिडोर के लिए प्री-बीड की बैठक भी हुई। मेट्रो कॉर्पोरेशन ने लगभग 495 करोड़ रुपए के टेंडर इस कॉरिडोर के लिए जारी किए हैं। दूसरी तरफ 75 एकड़ के डिपो और साढ़े 5 किलोमीटर लम्बे प्रायोरिटी कॉरिडोर को भी समय सीमा में पूरा करने का काम तेजी से जारी है। अगस्त-सितम्बर में ट्रायल रन होना है, जिसके लिए डिपो में तो पटरियां बिछाने का काम 70 फीसदी से अधिक हो गया है, तो अब 18 मई के बाद वायाडक्ट तैयार होते ही प्रायोरिटी कॉरिडोर पर भी पटरियों को बिछाने की शुरुआत हो जाएगी।**

विधानसभा चुनाव से पहले साढ़े 5 किलोमीटर में ट्रायल रन लिया जाना है, जिसके चलते लगभग 90 फीसदी वायाडक्ट पाइलिंग का काम हो चुका है। वहीं 16 मेट्रो स्टेशनों पर भी ओपन फाउंडेशन पिछले दिनों ही 100 फीसदी तैयार हो गई थी। गांधी नगर से रोबोट चौराहा तक 17 किलोमीटर के हिस्से में इन दिनों तेजी से काम चल रहा है। वहीं उसके आगे की टेंडर प्रक्रिया मेट्रो रेल कार्पोरेशन ने शुरू कर दी है। इसके एमडी मनीष सिंह ने अभी ऑनलाइन प्री-बीड बैठक में भी हिस्सा लिया। श्री सिंह के मुताबिक जल्द ही इस हिस्से की टेंडरिंग प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। वहीं पिछले दिनों मध्य क्षेत्र के अंडरग्राउंड रूट की भी सहमति जनप्रतिनिधियों के साथ हुई बैठक में मिल गई थी, जिसके चलते इस हिस्से में सॉइल टेस्टिंग यानी मिट्टी परीक्षण के साथ तकनीकी रिपोर्ट तैयार करने और फिर उसके आधार पर टेंडर बुलाने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। अभी साढ़े 5 किलोमीटर का जो प्रायोरिटी कॉरिडोर है, जिस पर ट्रायल रन लिया जाना है वहां पर वायाडक्ट पाइलिंग का काम भी लगभग पूरा हो गया है। मेट्रो सूत्रों का कहना है कि 18 मई के बाद तैयार पटरियों को बिछाने का काम शुरू हो जाएगा। पिछले दिनों 75 एकड़ के सुपर कॉरिडोर पर निर्माणाधीन डिपो में भी ट्रायल रन के लिए पटरियों को बिछाने का काम शुरू किया गया, जो लगभग 70 फीसदी पूरा हो गया है। वहीं बड़ौदा में जो कोच निर्मित हो रहे हैं उसके काम की भी लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है और ट्रायल रन के लिए ये कोच इंदौर आएंगे। इसी तरह भोपाल में भी ट्रायल रन का लक्ष्य अगस्त-सितम्बर में ही रखा गया है। मध्य क्षेत्र में 9 किलोमीटर के अंडरग्राउंड ट्रैक की बाधा निपटने के साथ ही अब इंदौर मेट्रो के पहले चरण के लगभग साढ़े 31 किलोमीटर की सारी बाधाएं दूर हो गई है, जिसके चलते मेट्रो रेल कार्पोरेशन अब प्रायोरिटी कॉरिडोर और उसके बाद रोबोट से पलासिया और वहां से हाईकोर्ट और फिर उसके आगे एयरपोर्ट तक के अंडरग्राउंड हिस्से को अमल में लाने में जुटा है। मेट्रो डिपो में भी प्रशासकीय भवन सहित अन्य निर्माण कार्य भी तेजी से चल रहे हैं और जिंदल से जो पटरियों की सप्लाय हो रही है उनको वेल्डिंग करने और आपस में जोड़ने की प्रक्रिया भी डिपो में की जा रही है।

MPMETRO

**METRO NEWS**
**10th MAY ,2023**


| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 12 | दैनिक भास्कर | भोपाल | 10.05.2023 | 03 | मेट्रो की पटरी बिछाने का काम शुरू, मशीन से हो रही वेल्डिं जाएगी | Positive |

दैनिक भास्कर

# भोपाल 10-05-2023

**सुभाष नगर डिपो से आरकेएमपी स्टेशन के बीच काम ट्रैक पर...**

# मेट्रो की पटरी बिछाने का काम शुरू, मशीन से हो रही वेल्डिंग, तीन महीने में 4 किमी बिछ जाएगी



सुभाष नगर मेट्रो स्टेशन के पास से शुरू हुआ ट्रैक की वेल्डिंग का काम।

**भोपाल** | चार महीने बाद सितंबर में मेट्रो ट्रेन के ट्रायल के लिए प्रोजेक्ट के काम में तेजी आ रही है। सुभाष नगर डिपो से आरकेएमपी स्टेशन तक लगभग 4 किमी के ट्रैक पर पटरी बिछाने के लिए वेल्डिंग शुरू हो गई है। करीब 15 दिन पहले वाया डक्ट पर चढ़ाई गई रेल वेल्डिंग मशीन ने काम शुरू कर दिया है। इसके पहले पटरी की टेस्टिंग की औपचारिकताएं पूरी हो गई हैं। वाया डक्ट पर 2 बाय 2 फीट की 8 इंच ऊंची प्लिंथ बनाई जाएगी। इस पर पटरी को कसा जाएगा। प्लिंथ की 8 से 10 इंच ऊंचाई इसलिए ताकि ट्रैक पर होने वाली गंदगी का साफ किया जा सके। पटरी की वेल्डिंग के साथ प्लिंथ बीम के अलाइनमेंट के लिए टेक्निकल सर्वे चल रहा है।

### डिपो में कंट्रोल सेंटर और एडमिन ब्लॉक 15 दिन में

मेट्रो डिपो में कंट्रोल सेंटर और एडमिन ब्लॉक की फिनिशिंग का काम चल रहा है। 15 दिन में यह ब्लॉक बनकर तैयार हो जाएंगे। डिपो में एक बिजली सब स्टेशन बनकर तैयार हो गया है और दूसरे का काम चल रहा है।

### स्टेशनों पर अब भीतर के काम शुरू

सुभाष नगर से आरकेएमपी तक के सभी स्टेशनों की बिल्डिंग के स्ट्रक्चर का काम या तो पूरा हो गया है या अंतिम चरण में है। अब इन स्टेशन में पॉवर केबल बिछाने, एस्केलेटर लगाने और इंटीरियर के काम शुरू हो रहे हैं। जैसे-जैसे स्ट्रक्चर के काम पूरे होते जाएंगे, ट्रैफिक डायवर्जन खत्म होता जाएगा। क्योंकि भीतर काम करने के लिए सड़क पर ट्रैफिक रोकने की कोई जरूरत नहीं होगी।

### सितंबर में ट्रायल के लिए हर लेवल पर काम

▸ सितंबर में मेट्रो के ट्रायल के लिए हर लेवल पर काम हो रहे हैं। पटरी बिछाने के लिए वेल्डिंग शुरू हो गई है। इसके लिए तीन महीने की डेडलाइन रखी है। डिपो और स्टेशन के काम भी तेजी से जारी हैं।
**-मनीष सिंह,** एमडी, मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन

MPMETRO

## METRO NEWS

**12th MAY ,2023**

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 13 | दैनिक भास्कर | सम्पूर्ण मध्यप्रदेश | 12.05.2023 | भोपाल 13 | भर्ती के लिए विज्ञापन: सिस्टम डिपार्ट्मन्ट न. 1762/HRD/MPMRCL-031/2023 | विज्ञापन |

MPMETRO

**मध्यप्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड**

**(भारत सरकार एवं मध्यप्रदेश शासन का संयुक्त उपक्रम)**

**द्वितीय तल, स्मार्ट सिटी डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन ऑफिस बिल्डिंग**

**कालीबाड़ी रोड, भेल, सेक्टर-ए, बरखेड़ा, भोपाल-462022**

**भर्ती के लिए विज्ञापन**

मध्यप्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (MPMRCL), भारत सरकार और मध्यप्रदेश सरकार का संयुक्त उपक्रम, भोपाल मेट्रो रेल परियोजना और इंदौर मेट्रो रेल परियोजना को मध्यप्रदेश राज्य में क्रियान्वित कर रहा है।

तत्काल आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु MPMRCL द्वारा विभिन्न पदों के लिए आवेदन आमंत्रित हैं।

**SYSTEM DEPARTMENT**

नियुक्तियां MPMRCL के नियमों एवं शर्तों पर संविदा/प्रतिनियुक्ति/पुनर्नियुक्ति के आधार पर होगी।

यह विज्ञापन केवल सांकेतिक है। रिक्त पदों का विस्तृत विवरण एमपीएमआरसीएल वेबसाइट **www.mpmetrorail.com** के कैरियर विकल्प में उपलब्ध हैं। अधिक जानकारी के लिए कृपया विज्ञापन क्रमांक No. 1762/HRD/MPM-RCL- 031/2023 दिनांक 11.05.2023 देखें।

रिक्त पदों के लिए ऑफलाइन आवेदन की **अंतिम तिथि 26 मई 2023 है।**

**प्रबंध संचालक**

म.प्र. माध्यम/109841/2023 **एमपीएमआरसीएल**

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 14 | Times of India | All India | 12.05.2023 | Bhopal 07 | Recruitment Advertisement: System Department<br><br>No. 1762/HRD/MPMRCL-031/2023 | Advertisement |



MPMETRO

## MADHYA PRADESH METRO RAIL CORPORATION LIMITED

**(A Joint Venture of Govt. of India and Govt. of Madhya Pradesh)**
**2nd Floor, Smart City Development Corporation Office Building**
**Kalibadi Road, BHEL, Sector-A, Barkheda, Bhopal-462022**

### ADVERTISEMENT FOR RECRUITMENT

Madhya Pradesh Metro Rail Corporation Limited (MPMRCL), a joint venture of Government of India and Government of Madhya Pradesh is implementing Bhopal Metro Rail Project & Indore Metro Rail Project in the State of Madhya Pradesh.
To meet with the immediate requirement, MPMRCL invites applications for various posts of

### SYSTEM DEPARTMENT

The posts/appointments will be on Contract/Deputation/Re-employment basis on standard terms & conditions of the Organization.
This Advertisement is only indicative. The detailed vacancy notifications and particulars regarding eligibility criterion, qualification, experience, age limit, mode of selection etc. are available, in the Career sections of MPMRCL website www.mpmetrorail.com. Please refer Advt. No. 1762/HRD/MPMRCL-031/2023 Dated 11.05.2023 for more details.
Last date for submission of applications through offline mode for the various posts is **26th May 2023.**

**MD**
M.P. Madhyam/109841/2023 **MPMRCL**

MPMETRO

**METRO NEWS**

**13th MAY ,2023**

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 15 | दैनिक भास्कर | भोपाल | 13.05.2023 | 02 | पूरे शहर की मेट्रो 200 मीटर लं होकर ट्रैक पर जाएंगी ओर शहरभर मे दोड़ेगी | Positive |

## भोपाल 13-05-2023

# भोपाल फ्रंट पेज

दैनिक भास्कर शनिवार 13 मई, 2023

**स्टड फार्म के डिपो पर रैंप का काम अंतिम चरण में**

# पूरे शहर की मेट्रो 200 मीटर लंबे इसी रैंप से होकर ट्रैक पर जाएंगी और शहरभर में दौड़ेंगी

## 6 कोच की ट्रेन के हिसाब से डिजाइन किया गया है रैंप

सिटी रिपोर्टर | भोपाल

स्टड फार्म पर डिपो से सुभाष नगर तक जाने के लिए मेट्रो ट्रेन पहले आजाद नगर तक जाएगी और उसके बाद पलट कर सुभाष नगर तक आएगी। डिपो से सुभाष नगर की दूरी 200 मीटर है, इस दूरी को पूरा करने के लिए इतना ही लंबा रैंप बनाया जा रहा है। इसके बाद क्रासिंग के लिए मेट्रो को इतना ही और आगे जाना पड़ेगा।

स्टड फार्म के डिपो पर रैंप का काम अंतिम चरण में है। आजाद नगर पर मेट्रो के दोनों रूट यानी एम्स से करोंद और भदभदा से रत्नागिरि की क्रासिंग होना है। इस जगह पर डायमंड क्रासिंग बनाई जा रही है। दोनों रूट की मेट्रो के डिपो तक आने-जाने के लिए यहां से एंट्री बनाई जाएगी। आजाद नगर पर होने वाले इस निर्माण के लिए ही सीआई कॉलोनी को शिफ्ट किया गया है। यह रैंप 6 कोच के हिसाब से डिजाइन किया जा रहा है। एक कोच 22 मीटर का है। इस हिसाब से 6 कोच 132 मीटर के हुए। इन कोच की टर्निंग के लिए 200 मीटर का रैंप बनाया जा रहा है।




फोटोः शान बहादुर

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| 16 | राज एक्सप्रेस | भोपाल महानगर | 13.05.2023 | 03 | दिल्ली की तरह पल बोगदा पर होगा मेट्रो इन्टर्चेन्ज स्टेशन, कान्कोर्स में रहेंगी माल जैसी सुविधाएं | Positive |


राज एक्सप्रेस
twitter.com/rajexpressnews
www.facebook.com/rajexpressnews
राज महानगर
सूर्योदय : 05:40 सूर्यास्त : 06:53
शनिवार, 13 मई, 2023
www.rajexpress.co
3
भोपाल
तापमान अधिकतम 41.2 न्यूनतम 23.4


# दिल्ली की तरह पुल बोगदा पर होगा मेट्रो इंटरचेंज स्टेशन, कोनकोर्स में रहेंगी मॉल जैसी सुविधाएं

भोपाल ■ राज न्यूज नेटवर्क

दिल्ली के राजीव चौक की तर्ज पर राजधानी के पुल बोगदा क्षेत्र में मेट्रो स्टेशन बनेगा। यह डिपो चौराहा से रत्नागिरी तिराहा और एम्स से करोंद के बीच चलने वाली मेट्रो ट्रेन का इंटरचेंज स्टेशन होगा। यहां दोनों रूट के यात्री उतर कर सेंट्रल कोनकोर्स के जरिए बाहर निकलेंगे। कोनकोर्स, मॉल की तरह होगा। इसमें एटीएम, फूड आउटलेट, कैफे, मोबाइल रिचार्ज आदि सेवाएं उपलब्ध होंगी। मप्र मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने पुल बोगदा समेत छह मेट्रो स्टेशन निर्माण के लिए टेंडर जारी कर चुका है। ये सुभाष नगर से करोंद के बीच बनेंगे।

**स्टेशन जमीन से ऊपर बनेगा**

## 426 करोड़ रुपए से बन रहे आठ मेट्रो स्टेशन

एम्स से सुभाष नगर के बीच कुल 14 स्टेशन बनना है। आठ मेट्रो स्टेशन निर्माण का भूमिपूजन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने नवंबर, 2021 में किया था। इसकी लागत 426 करोड़ 67 लाख रुपये है। सभी आठ एलिवेटेड मेट्रो स्टेशन विश्वस्तरीय सुविधाओं से युक्त होंगे। बाकी छह का कार्य जल्द शुरू होने की संभावना है। रानी कमलापति रेलवे स्टेशन को मेट्रो स्टेशन के साथ स्काय वॉक के माध्यम से जोड़ा जाएगा। इस मेट्रो स्टेशन का नाम भी रानी कमलापति मेट्रो स्टेशन होगा। रानी कमलापति रेलवे स्टेशन और डीबी सिटी जैसे चहल-पहल वाले स्थानों पर फुटओवर ब्रिज भी बनाए जाएंगे। वहीं सुभाष नगर में स्टड फार्म की जमीन पर डिपो बनाया जा रहा है। यहां पर एक साथ 4 मेट्रो ट्रेन खड़ी की जा सकेंगी। इसका कुछ हिस्सा सितंबर के पहले तैयार कर लिया जाएगा।



सुभाष नगर केंद्रीय विद्यालय के पास तेजी से तैयार होता मेट्रो स्टेशन

फोटो : शमीम खान

## रानी कमलापति स्टेशन स्काय वॉक से जुड़ेगा

एम्स, अलकापुरी, डीआरएम ऑफिस, रानी कमलापति स्टेशन, डीबी सिटी, एमपी नगर जोन 1, आयकर भवन और सुभाष नगर अंडरब्रिज के पास मेट्रो स्टेशन बनाए जा रहे हैं। दो साल में यह स्टेशन बनाने का टारगेट रखा गया है। मेट्रो ट्रेन के स्टेशन 100 मीटर लंबे और कम से कम 14 मीटर चौड़े होंगे। फिलहाल रानी कमलापति स्टेशन से सुभाष नगर के बीच स्टेशन निर्माण पर फोकस किया जा रहा है। इनके बीच ही सितंबर तक मेट्रो का ट्रायल रन किया जाना है। निर्माण एजेंसी यूआरसी अगस्त तक इस हिस्से के स्टेशन बनाने का लक्ष्य लेकर चल रही है। मौजूदा स्थिति में रानी कमलापति के सामने मेट्रो स्टेशन की बिल्डिंग भी तैयार हो चुकी है। गवर्नमेंट प्रेस तिराहा पर स्टेशन अब दिखाई देने लगा है। सिविल वर्क लगभग पूरा हो चुका है।

### स्टेशनों में यह होगा खास

- सभी ग्रीन बिल्डिंग के कॉन्सेप्ट पर बनेंगे।
- एस्केलेटर, लिफ्ट व अन्य सुविधाएं।
- फूड कोर्ट व बच्चों के मनोरंजन का इंतजाम रहेगा।
- ऊर्जा संरक्षण के लिए एलइडी लाइट व सोलर पैनल
- सभी स्टेशनों पर शहर के अन्य आवागमन के साधनों के साथ जोड़ने की प्लानिंग।
- अत्याधुनिक ऑटोमेटिक फेयर कलेक्शन सिस्टम, टिकट होने पर ही बैरियर खुलेगा।
- सुरक्षा के लिए सीसीटीवी, मेटल डिटेक्टर व अन्य सुरक्षा के आधुनिक उपकरण।
- पर्यावरण संरक्षण के लिए वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम।
- आग से बचाव के स्मोक डिटेक्टर्स व सेंसर्स।

**METRO NEWS**
**15th MAY ,2023**

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 17 | पत्रिका | भोपाल | 15.05.2023 | 04 | ट्रैक पर बेस बनना शुरू, इस सप्ताह से बिछने लगें | Positive |


पत्रिका


BHOPAL PRIME
भोपाल प्राइम

पढ़ें ज्यादा खबरें, देखें फोटो/वीडियो
#Readers Connect Bhopal News
www.facebook.com/groups/bhopalvoice

पत्रिका. भोपाल, सोमवार 15 मई 2023
इन आइकन से जुड़ी सामग्री पत्रिका भोपाल वॉयस फेसबुक ग्रुप पर पढ़ें, अपनी खबरें भी भेजें
क्यूआर कोड मोबाइल से करें स्कैन | खबरें | समस्याएं | सुझाव | फोटो | वीडियो | पॉडकास्ट
भोपाल की खबरें www.patrika.com/bhopal-news पर भी देखें


### शहर मौसम



**तापमान**

43.3° अधिकतम | 27.0° न्यूनतम

ह्यूमिडिटी : 26% (अधिकतम)
हवा की गति : 18 किमी/घंटा

**फोरकास्ट**

हल्के बादलों की संभावना।
सोर्स- मौसम केन्द्र भोपाल

**पॉल्यूशन स्तर**

| | | |
|---|---|---|
| पर्यावरण परिसर | 83 | 7.1% ▼ |
| टीटी नगर | 122 | 26% ▲ |
| कलेक्ट्रेट ऑफिस | 112 | 08% ▼ |

| अच्छा | ठीक | मध्यम |
|---|---|---|
| 0-50 | 51-100 | 101-200 |
| खराब | गंभीर | खतरनाक |

#metro**project** मेट्रो यार्ड में भी काम पूरा, केंद्रीय विद्यालय मेट्रो स्टेशन पर भी सभी 171 गर्डर डाले जा चुके, डिपो का भवन भी तैयार

# ट्रैक पर बेस बनना शुरू, इस सप्ताह से बिछने लगेंगी मेट्रो की पटरियां


पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com


**भोपाल.** मेट्रो ट्रेन प्रोजेक्ट को तय समय में पूरा करने के लिए तेजी से काम किया जा रहा है। पटरी बिछाने के लिए बेस तैयार हो चुका है। इस सप्ताह पटरियां बिछाने का काम शुरू हो जाएगा। इतना ही नहीं, केंद्रीय विद्यालय मेट्रो ट्रेन स्टेशन के भी सभी 171 गर्डर डाले जा चुके हैं। रानी कमलापति रेलवे स्टेशन पर गर्डर का काम अगले 15 दिन में पूरा हो जाएगा। यहां स्टेशन परिसर के लिए दीवारें और अंदर इंटीरियर का काम शुरू हो चुका है।



### अभी तक स्थिति

- **80** फीसदी डिपो भवन पूरा
- **171** सभी गर्डर डाले जा चुके
- **15** दिन में काम पूरा होगा
- **3.5** किमी का काम सितंबर से पहले पूरा होगा



मुख्य ट्रैक पर 1100 ग्रेड जबकि मेट्रो डिपो पर 880 ग्रेड की पटरियां बिछेंगी।



### सितंबर से शुरू होगा ट्रायल

मेट्रो ट्रेन प्रोजेक्ट के तहत रानी कमलापति से सुभाषब्रिज तक करीब साढ़े तीन किमी का काम सितंबर से पहले पूरा करना है। यहां मेट्रो लाइन पर ट्रैक, पटरियां, सिग्नलिंग सिस्टम समेत स्टेशन के काम करने हैं। डिपो में भी उतना काम हो जाएगा, शुरुआती ट्रेनों के ठहराव व रखरखाव के लिए जरूरी है।

### डिपो भवन 80 फीसदी पूरा

मेट्रो ट्रेन के सुभाष नगर डिपो में ट्रेक के लिए बेस समेत भवन का काम भी पूरा हो चुका है। डिपो में भी प्रोयोरिटी कॉरिडोर पर पटरियां बिछाने के साथ ही लाइन डालना शुरू हो जाएगा। तीन मंजिला भवन का काम 80 फीसदी पूरा हो चुका है। मुख्य ट्रैक पर 1100 ग्रेड जबकि मेट्रो डिपो पर 880 ग्रेड की पटरियां है।

Date: 15/05/2023, Edition: Bhopal, Page: 4
Source : https://epaper.patrika.com/

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 18 | हरिभूमि | भोपाल | 15.05.2023 | 02 | आज से बिछेगी मेट्रो की पटरी अलाइन्मन्ट वर्क हुआ पूरा | Neutral |

हरिभूमि
भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 15 मई 2023

तीन महीने में पटरी बिछाने के साथ इर्लो ट्रैक्रकेशीन काम होना है पूरा

# आज से बिछेगी मेट्रो की पटरी एलाइनमेंट वर्क हुआ पूरा





हरिभूमि न्यूज़ ▸▸ भोपाल

भोपाल में मेट्रो ट्रेन की ट्रायल के लिए काम काफी तेजी से चल रहा है, जिसके तहत आरकेएमपी स्टेशन से सुभाष नगर डिपो तक ट्रैक पर पटरी बिछाने का काम सोमवार से शुरू हो जाएगा। अभी तक प्लिंथ बीम एलाइनमेंट का टेर्नकल वर्क और पटरी के वेल्डिंग का काम चल रहा था, जिसे शनिवार को पूरा कर लिया गया। सुभाष नगर से आरकेएमपी स्टेशन तक कुल दूरी 4 किलोमीटर है, जहां मेट्रो का ट्रायल होना है। इसलिए सबसे पहले इसी रूट पर पटरी बिछाई जाएगी। इसके बाद आरकेएमपी स्टेशन से डीआरएम ऑफिस का काम पूरा होगा। जबकि अभी डीआरएम से एम्स तक तैयार हो चुके कॉरीडोर पर प्लिंथ बीम एलाइनमेंट का टेर्नकल वर्क और पटरी के वेल्डिंग का काम पूरा हो चुका है। पटरी बिछाने के लिए वायाडक्ट पर 2 बाय 2 फोट की 8 इंच ऊंची प्लिंथ बनाई गई है। इसी पर पटरी बिछनी है। ट्रैक पर होने वाली गंदगी को साफ करने के लिए प्लिंथ को ऊंचाई 8 से 10 इंच रखी गई है।

## डिपो में कंट्रोल सेंटर और एडमिन ब्लॉक

मेट्रो डिपो में कंट्रोल सेंटर और एडमिन ब्लॉक का काम अंतिम चरण पर चल रहा है। डिपो के अंदर बिजली सब स्टेशन बन कर तैयार हो चुका है और इन सब के अलावा भी दूसरे अन्य काम भी चालू है। स्टेशनों के भीतर का काम शुरू हो चुका है। आरकेएमपी से सुभाष नगर तक के सभी स्टेशनों के इंफ्रा स्ट्रक्चर का काम पूरा हो चुका है या तो अपने फिनिशिंग के दौर में है। इन स्टेशनों की भीतर अब एस्केलेटर लगाने पावर केबल बिछाने और इंटीरियर का काम भी चालू हो गया है। जल्द से जल्द काम पूरे होते जाने के बाद शहर से ट्रैफिक डायवर्जन भी खत्म होता चला जाएगा।

**MPMETRO**

**METRO NEWS**

**17th MAY ,2023**

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 19 | दैनिक भास्कर | भोपाल | 17.05.2023 | J4 | सें -2 से मेट्रो की पटरी बिछाने का काम शुरू | Neutral |

दैनिक भास्कर भोपाल 17-05-2023

Pg-J4

अगस्त तक का लक्ष्य क्योंकि सितंबर में ट्रायल

# सेंट्रल स्कूल-2 से मेट्रो की पटरी बिछाने का काम शुरू



**भोपाल|** सितंबर में मेट्रो के ट्रायल के लिए मंगलवार को केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-2 से सुभाष नगर की ओर पटरी बिछाने का काम शुरू हुआ। आरकेएमपी से सुभाष नगर तक के टॉप प्रायोरिटी मेट्रो रूट पर अगस्त तक पटरी बिछाए जाने का टारगेट है।

पटरी बिछाने के लिए वाया डक्ट पर प्लिंथ (एक आयताकार पत्थर का खंड है जो एक इमारत के खंभे और उप-स्तंभों का समर्थन करता है) बनाई गई और पटरी की वेल्डिंग की गई। वेल्डिंग के बाद इन पटरियों को प्लिंथ पर बिछाया जा रहा है। पहले दिन लगभग 20 मीटर पटरी बिछाई गई, इसे 100 मीटर प्रति दिन किया जा सकता है। मार्च के पहले सप्ताह से अब तक 100 मीट्रिक टन पटरी आ चुकी हैं। पटरी आने के बाद टेस्टिंग की एक लंबी प्रक्रिया हुई। इसके साथ ही प्लिंथ के लिए सर्वे किया गया। प्लिंथ बनाने के साथ पटरी की वेल्डिंग का काम भी चला।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 20 | दैनिक जागरण | भोपाल | 17.05.2023 | 03 | मेट्रो ने पकड़ी रफ्तार, पटरी बिछाने का काम हुआ शुरू पहले दिन 35 मीटर लं कम्प्लीट वर्क | Neutral |


दैनिक जागरण
भोपाल, 17 मई 2023




# मेट्रो ने पकड़ी रफ्तार, पटरी बिछाने का काम हुआ शुरू पहले दिन 35 मीटर लंबे ट्रैक पर हुआ कंप्लीट वर्क

## एलिवेटेड रूट पर 1080 एचएच क्षमता की बिछाई जा रही पटरी, नवंबर में पूरा होगा काम

**जागरण प्रतिनिधि, भोपाल।** भोपाल के मेट्रो प्रोजेक्ट में मंगलवार का दिन अहम् रहा। आज से एम्स की ओर एलिवेटेड रूट पर पटरी बिछाने के काम का श्रीगणेश हो गया। एक ही दिन में मेट्रो की 35 मीटर पटरी बिछाई गई। 15 नवंबर तक एम्स से सुभाष नगर तक पटरी बिछाने का काम पूरा होगा। इन पटरी पर 80 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से मेट्रो दौड़ेगी। इसके अलावा गुजरात में मेट्रो के डिब्बों को बनाने का काम भी शुरू हो गया है।

मेट्रो रेल कार्पोरेशन के अधिकारियों ने बताया कि मेट्रो की पटरी बनाने का काम छत्तीसगढ़ की जिंदल स्टील कंपनी के जिम्मे है। 175 करोड़ रुपये की लागत से मेट्रो की पटरी का निर्माण किया जा रहा है। पटरी भी दो प्रकार की बनाई जा रही है। 880 एचएच क्षमता की पटरी डिपो रूट के लिए बिछाई जाएंगी। जबकि यात्रियों के भार के लिए मेट्रो एलिवेटेड रूट पर 1080 एचएच क्षमता की पटरी बिछाई जा रही हैं। कंपनी से पटरी का पहली खेप बीते मार्च में मिली थी। पटरी को बिछाने का काम 250 करोड़ रुपए की लागत से एलएनटी कंपनी कर रही है। आगामी 20 साल तक कंपनी पटरी संबंधित तमाम कामकाजों का संधारण भी करेगी।




### एक माह में एक किलोमीटर ट्रैक पर बिछाई जाएगी पटरी

अफसरों ने बताया कि एक माह में एक किलोमीटर लंबे ट्रैक पर पटरी बिछाने का काम होगा। पटरी को बिछाने के साथ तमाम टेक्निकल रिपोर्ट भी तैयार करने की जिम्मेदारी कंपनी को दी गई है। एम्स से सुभाष नगर तक मेट्रो रूट की लंबाई 6.22 किलोमीटर की है। इस हिसाब से आगामी सात माह में यह काम पूरा होगा। अधिकारियों ने बताया कि मेट्रो की पटरी का एक टुकड़ा 18 मीटर लंबा होता है। जिसे काट-काट कर बिछाने का काम किया जा रहा है।

### मेट्रो के डिब्बों का निर्माण का काम भी हुआ शुरू

भोपाल मेट्रो के डिब्बों का निर्माण भी शुरू हो गया है। फ्रांस की एल्सटॉम ट्रांसपोर्ट इंडिया लिमिटेड कंपनी मेट्रो के डिब्बों का निर्माण कर रही है। गुजरात के बड़ोदरा में कंपनी ने प्लांट लगाया है। 3 हजार 200 करोड़ रुपए की लागत से कंपनी डिब्बे बनाने से लेकर मेट्रो सिग्नल, संचालन के कंट्रोल रूम समेत अन्य तकनीकी काम करेगी। अनुबंध की शर्तों के मुताबिक आगामी 15 सालों कंपनी को संधारण भी करना होगा।

### ऑटोमेटिक रन संचालन, 25 मेट्रो सेट का हो रहा निर्माण

मेट्रो का संचालन कंट्रोल रूम से होगा। शुरू के दो माह छोड़कर इसमें पायलेट की जरूरत नहीं होगी। टेंडर के मुताबिक एल्सटॉम ट्रांसपोर्ट इंडिया लिमिटेड कंपनी मेट्रो के कुल 25 सेट का निर्माण कर रही है। एक सेट में तीन डिब्बों होंगे। इनमें अलग से इंजन की जरूरत नहीं होगी।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 21 | हरि भूमि | भोपाल | 17.05.2023 | 02 | बिछने लगी पटरी, दिन रात तेज गति से चलेगा काम | Neutral |

हरिभूमि
भोपाल भूमि फ्रंट पेज
Pg-02
भोपाल, बुधवार 17 मई 2023

*मशीनों से बारीकी से जांच के साथ शुरू हुआ पटरी बिछाने का काम*

# बिछने लगी मेट्रो की पटरियां, दिन और रात तेज गति से चलेगा काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल मेट्रो के लिए पटरी बिछाने का काम सोमवार व मंगलवार की दरमियानी रात से शुरू हो गया। मशीनों के माध्यम से बारीकी से जांच के साथ यह काम रात और दिन चलेगा, जिससे तीन माह के अंदर प्रायोरिटी कॉरीडोर में करीब 4 किलोमीटर लंबी पटरी बिछ जाए। मेट्रो अधिकारियों के अनुसार अगस्त माह के आखिरी सप्ताह या सितंबर माह के पहले हफ्ते में मेट्रो का ट्रायल रन होना है। इसलिए पटरी बिछाने का काम रात और दिन चलेगा।



## एडमिन ब्लॉक की फिनिशिंग का काम चल रहा

सुभाष नगर डिपो से आरकेएमपी स्टेशन तक लगभग 4 किमी के ट्रैक पर पटरी बिछाने के लिए दो हफ्ते पहले वेल्डिंग शुरू हो गई थी, जो अब आरकेएमपी स्टेशन से एम्स तक की बिछने वाली पटरियों के लिए चलती रहेगी। जबकि मेट्रो डिपो में कंट्रोल सेंटर और एडमिन ब्लॉक की फिनिशिंग का काम चल रहा है। 15 दिन में यह ब्लॉक बनकर तैयार हो जाएंगे। डिपो में एक बिजली सब स्टेशन बनकर तैयार हो गया है और दूसरे का काम चल रहा है। सुभाष नगर से आरकेएमपी तक के सभी स्टेशनों की बिल्डिंग के स्ट्रक्चर का काम या तो पूरा हो गया है या अंतिम चरण में है।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 22 | पत्रिका | भोपाल | 17.05.2023 | 03 | मेट्रो ट्रेन प्रोजेक्ट: केन्द्रीय विद्यालय की ओर से बिछने लगीं | Neutral |

पत्रिका




पढ़ें ज्यादा खबरें, देखें फोटो/वीडियो
#Readers Connect Bhopal News
www.facebook.com/groups/bhopalvoice
इन आइकन से जु…
क्यूआर कोड
मोबाइल से करें स्कै…
भोपाल की खबरें w…


#Bhopalmetro: मेन ट्रैक के लिए 2200 मेट्रिक टन और डिपो में बिछने वाली लाइन के लिए 500 मेट्रिक टन वजनी पटरियां आई हैं

# मेट्रो ट्रेन प्रोजेक्ट: केंद्रीय विद्यालय की ओर से बिछने लगीं पटरियां


पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com


**भोपाल.** मेट्रो ट्रेन की पटरियां बिछाने का काम मंगलवार से शुरू कर दिया गया पटरियां केंद्रीय विद्यालय मेट्रो स्टेशन से सुभाष रेलवे स्टेशन के बीच बिछाई जा रही हैं। अगले एक माह में प्रायोरिटी कॉरिडोर की पटरिया बिछ जाएंगी। सितंबर 2023 से मेट्रो ट्रेन का ट्रायल रन शुरू करना है।




### 4 मार्च को आई थी पटरियां

मेट्रो ट्रेन के लिए पहली खेप के तौर पर 60 मीट्रिक टन वजनी पटरियां भोपाल पहुंची थी। मेट्रो ट्रेन मेन ट्रैक के लिए कुल 2200 मेट्रिक टन जबकि डिपो में बिछने वाली लाइन के लिए 500 मेट्रिक टन वजनी पटरियां आई हैं। पटरियों का बेस बनाने का काम करीब 1 माह से चल रहा था। इसके तहत मेट्रो लाइन पर वेल्डिंग मशीन को ट्रक समेत ऊपर चढ़ाया गया था। वेल्डिंग का काम पूरा होने के साथ ही अब मेट्रो स्टेशन से पटरियां बिछाने की शुरुआत कर दी गई है।

### 6.22 किलोमीटर का प्रायोरिटी कॉरिडोर तैयार

मेट्रो रेल कॉरपोरेशन एम्स से सुभाष ब्रिज तक 6.22 किलोमीटर का प्रायोरिटी कॉरिडोर तैयार कर रहा है। इसमें गणेश मंदिर के सामने रेलवे लाइन पर ब्रिज अभी बन नहीं पा रहा है। ऐसे में सितंबर 2023 से रानी कमलापति रेलवे स्टेशन से सुभाष ब्रिज तक मेट्रो ट्रेन का संचालन शुरू किया जाएगा। रेलवे ब्रिज का काम अलवर में हो रहा है। 62 मीटर ब्रिज दिसंबर 2023 तक बन जाएगा।

### 7000 करोड़ रुपए लागत

मेट्रो की शुरुआती दो लाइनों पर मेट्रो ट्रेन चलाने का लक्ष्य रखा गया है। करीब 7000 करोड़ रुपए इसकी लागत है। इसमें से साढ़े तीन हजार करोड़ रुपए यूरोपियन बैंक लोन के तौर पर देगा। फिलहाल उसकी पहले किश्त आना बाकी है। अभी यूरोपियन बैंक की टीम ने दो माह पहले ही भोपाल मेट्रो प्रोजेक्ट का दौरा किया था। सरकार ने भी हालिया बजट में 360 करोड रुपए भोपाल मेट्रो को दिए हैं। ऐसे में काम में तेजी आने की उम्मीद है। मेट्रो रेल कारपोरेशन के एमडी मनीष सिंह का कहना है कि हमारा काम समय पर पूरा होगा। काम की गति काफी तेज है।


Date: 17/05/2023, Edition: Bhopal, Page: 5
Source : https://epaper.patrika.com/

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 23 | दैनिक भास्कर | भोपाल इं | 18 .05.2023 | 09 इंदौर<br><br>11 भोपाल | विज्ञापन: Tender Notification No. 1065/MPMRCL/2023/Package BH-04<br>(*“Design & Construction of Twin Tunnel (Up & Down by Shield TBM), Cut & Cover, Cross-passages with/without sump, Ramps, two (02) Underground Stations (Nandra Bus Stand and Bhopal Railway Station) including Architectural finishing, Water Supply, Sanitary Installation and Drainage works in entire Underground Section from chainage 28+375 to 31+765 for Bhopal Metro Rail Project*”-) | विज्ञापन |

दैनिक भास्कर भोपाल 18-05-2023

दैनिक भास्कर इंदौर 18-05-2023

दैनिक भास्कर

MPMETRO

**MADHYA PRADESH METRO RAIL CORPORATION LIMITED (MPMRCL)**

(A Joint Venture of Government of India And Government of Madhya Pradesh)

2nd Floor, Smart City Development Corporation Office Building, Kalibadi Road, BHEL, Sector-A, Berkheda, Bhopal- 462022

Tender Notification No. 1065/MPMRCL/2023/Package BH-04

Bhopal Date : 17.05.2023

**NOTICE INVITING TENDER**

MPMRCL invites tenders for the works of "Design & Construction of Twin Tunnel (Up & Down by Shield TBM), Cut & Cover, Cross-passages with/without sump, Ramps, two (02) Underground Stations (Nandra Bus Stand and Bhopal Railway Station) including Architectural finishing, Water Supply, Sanitary Installation and Drainage works in entire Underground Section from chainage 28+375 to 31+765 for Bhopal Metro Rail Project"-Tender Package BH-04". For further details please visit **https://etenders.gov.in/eprocure/app** from 22.05.2023. Any clarification/corrigendum/addendum to the tender documents will be uploaded on the official e-portal only, without any obligation of press notification.

M.P. Madhyam/109925/2023 **MANAGING DIRECTOR**

MPMETRO

**MADHYA PRADESH METRO RAIL CORPORATION LIMITED (MPMRCL)**

(A Joint Venture of Government of India And Government of Madhya Pradesh)

2nd Floor, Smart City Development Corporation Office Building, Kalibadi Road, BHEL, Sector-A, Berkheda, Bhopal- 462022

Tender Notification No. 1065/MPMRCL/2023/Package BH-04

Bhopal Date : 17.05.2023

**NOTICE INVITING TENDER**

MPMRCL invites tenders for the works of "Design & Construction of Twin Tunnel (Up & Down by Shield TBM), Cut & Cover, Cross-passages with/without sump, Ramps, two (02) Underground Stations (Nandra Bus Stand and Bhopal Railway Station) including Architectural finishing, Water Supply, Sanitary Installation and Drainage works in entire Underground Section from chainage 28+375 to 31+765 for Bhopal Metro Rail Project"-Tender Package BH-04". For further details please visit **https://etenders.gov.in/eprocure/app** from 22.05.2023. Any clarification/corrigendum/addendum to the tender documents will be uploaded on the official e-portal only, without any obligation of press notification.

M.P. Madhyam/109925/2023 **MANAGING DIRECTOR**

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 14 | Times of India | Bhopal & Indore | 18 .05.2023 | 06 Bhopal & Indore | NIT: Tender Notification No. 1065/MPMRCL/2023/Package BH-04 (*"Design & Construction of Twin Tunnel (Up & Down by Shield TBM), Cut & Cover, Cross-passages with/without sump, Ramps, two (02) Underground Stations (Nandra Bus Stand and Bhopal Railway Station) including Architectural finishing, Water Supply, Sanitary Installation and Drainage works in entire Underground Section from chainage 28+375 to 31+765 for Bhopal Metro Rail Project"*-) | Advertisement/ NIT |

MPMETRO

**MADHYA PRADESH METRO RAIL CORPORATION LIMITED (MPMRCL)**

**(A Joint Venture of Government of India And Government of Madhya Pradesh)**

**2nd Floor, Smart City Development Corporation Office Building, Kalibadi Road, BHEL, Sector-A, Berkheda, Bhopal- 462022**

**Tender Notification No. 1065/MPMRCL/2023/Package BH-04**

**Bhopal Date : 17.05.2023**

## NOTICE INVITING TENDER

